# लोक शिक्षण संचालनालय म. प्र. भोपाल (म.प्र.)

# राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण - 2021

## प्रैक्टिस पेपर – II

## विषय – सामजिक विज्ञान

## कक्षा -10

विधार्थियों के लिए निर्देश :

1. इस पुस्तिका में 70 प्रश्न हैं |
2. इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए 120 मिनिट का समय निर्धारित है |
3. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प A , B, C, D हैं इनमें से केवलएक ही सही उत्तर है | आपको सही उत्तर का चयन करना है |

## NAS Practice test paper-2

1. असहयोग आंदोलन के अंतर्गत भारतीय जनता को विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर देशी वस्तुओं का उपयोग करने को कहा गया था। इस आंदोलन के दौरान निम्नलिखित में से कौन सी विदेशी वस्तु का बहिष्कार मुख्य रूप से किया गया?
   A: रेडियो B: चाय C: कपड़ा D: चीनी मिट्टी

2. किसी राज्य का मुख्यमंत्री अपने पद के लिए ___________________ द्वारा चुना जाता है।
   A: राज्य की जनता B: सत्तारूढ़ दल के विधायकों
   C: सभी दलों के विधायकों D: उस राज्य के राज्यपाल

3. कुछ फसलें ढलान वाली भूमि पर बेहतर तरीके से उगती हैं जिस वजह से उन्हें अधिकतर पहाड़ी इलाकों में उगाया जाता है। नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सी फसल बताई गई फसलों में से एक हो सकती है?
   A: चाय B: कपास C: गेहूँ D: गन्ना

4. आई एस आई भारत में औद्योगिक उत्पादों के लिए एक प्रमाणीकरण चिह्न के रूप में प्रयोग होता था। इसे अब **बी आई एस** के नाम से जाना जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य उत्पाद की _______________ को निश्चित करना है।

   ISI

   A: रूप-रंग B: आकार C: कीमत D: गुणवत्ता

5. मेघा अपने परियोजना कार्य को दी गई रूपरेखा के अनुसार सबसे उचित शीर्षक क्या दे सकती है?


   **?**
   - **भाषाएँ**
   - **धर्म**
   - **संगीत और नृत्य**

   A: आर्थिक गतिविधियाँ B: सांस्कृतिक परम्पराएँ
   C: वातावरण की परिस्थितियाँ D: राजनैतिक व्यवस्था

6. गांधी जी के जीवन का एक आंदोलन 12 मार्च को शुरू हुआ और उसी वर्ष की 5 अप्रैल को समाप्त हुआ। उस आंदोलन का नाम क्या है?
   A: दांडी मार्च B: भारत छोड़ो आंदोलन
   C: पूर्ण स्वराज आंदोलन D: चम्पारण सत्याग्रह

7. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उपभोक्ता के लिए विकल्प में वृद्धि का कारण है?
   A: अर्थव्यवस्था का उदारीकरण B: सत्ता में एक गठबंधन सरकार
   C: सूचना प्रौद्योगिकी का फैलाव D: भारतीय संस्कृति में अंतर

8. नीचे दिए गए नक़्शे में भारत की मिट्टी के अनेक प्रकार दर्शाए गए हैं। नक़्शे को ध्यान से देखें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।




गंगा मैदान में किस तरह की मिट्टी पाई जाती है ?

A: रेतीली मिट्टी B: जंगल और पहाड़ी मिट्टी C: जलोढ़ मिट्टी D: लाल मिट्टी

9. भारत के कुछ हिस्सों में हिमानी शुद्ध जल का मुख्य स्त्रोत है। इन क्षेत्रों के लोग जल संचयन के लिए हिमनदी की धारा का मार्ग बदल कर पानी को छोटी टंकियों में भर लेते हैं। वे इस प्रकार की नवीन तकनीक का शाम के समय प्रयोग करते हैं जब हिमानी अपेक्षाकृत पिघल जाते हैं।

निम्नलिखित में से कौन से क्षेत्र में इस तकनीक का प्रयोग होता होगा?

A: खासी और जयंतिया पहाड़ियाँ B: शिवालिक पहाड़ियाँ C: लद्दाख क्षेत्र D: तराई क्षेत्र

10. गाँधी जी के अलावा निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसी एक को 'महात्मा' का ख़िताब दिया गया था। उन्हें पहचानें।

A: विवेकानंद B: ज्योतिराव फुले C: दयानन्द सरस्वती D: लाजपत राय

11. इस पोस्टर को देखें।




यह वर्ष ___________ की बात हो सकती है।

A: 1947 B: 1942 C: 1928 D: 1917

12. पहाड़ी इलाकों में घरों को कई बार बाँस के लट्ठों पर बनाया जाता है क्यूँकि वहाँ की जमीन गीली होती है तथा साँप, बिच्छू, जौंक आदि जैसे कई जीव-जंतुओं का घर भी होती है। निम्नलिखित विकल्पों में से कौन से राज्य में इस प्रकार के घर पाए जाते हैं?

A: अरुणाचल प्रदेश
B: आंध्र प्रदेश
C: गुजरात
D: हिमाचल प्रदेश


13. इनमें से कौन-सा कथन ऐसे व्यक्ति द्वारा कहा गया है, जो लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करता है?

A: महिलाओं को सरकारी कार्यालयों में नौकरी की कोशिश करनी चाहिए और पुरुषों की तरह ही सरकार में भाग लेना चाहिए।
B: नौकरियाँ दुर्लभ होने की परिस्थितियों में, पुरुषों को महिलाओं की तुलना में नौकरी करने का ज़्यादा अधिकार है ।
C: महिला सशक्तीकरण पुरुषों को कम महत्त्व देने से होता है।
D: राजनीतिक नेता बनने के लिए, महिलाओं की तुलना में पुरुषों में बेहतर योग्यता है।

14. दक्षिण अफ्रीका में रहने के दौरान गाँधी जी को निम्नलिखित मसलों में से किस से कष्ट हुआ?
A: वातावरण का प्रदूषण
B: गोरे लोगों का शासन
C: भारतीय लोगों की अपमानजनक स्थिति
D: धार्मिक सहिष्णुता की कमी

15. लगभग 50% मनुष्य की आबादी पृथ्वी के केवल 10% भूमि के ऐसे क्षेत्र पर रहती है जिसकी विशेषताएँ एक समान हैं। निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प यह 10% भूमि क्षेत्र हो सकता है?
A: समुद्री तट और नदी तट
B: नदियों के स्रोत के पास का क्षेत्र
C: तृणभूमि और झाड़ीदार भूमि
D: प्राकृतिक वनों के पास

16. नीचे दिए गए चित्र की मदद से प्रश्न का उत्तर दें।




निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प ऊपर दिए गए चित्र को सही ढंग से पूरा करता है?
A: कच्चे माल और बाजार की खोज
B: दास प्रथा का अंत
C: औपनिवेशिक विस्तार का अंत
D: यूरोप पर भारत के राजनीतिक शासन की शुरुआत

17. नीचे दिखाया गया जानवर आमतौर पर **चिरु** के नाम से जाना जाता है। मुख्य रूप से तिब्बत में पाए जाने वाले इस जानवर का, ऊन के लिए शिकार किया जाता है और अब विश्व संरक्षण संघ द्वारा इसे लुप्तप्राय सूची में रखा गया है। भारत में आपको यह कहाँ मिल सकता है?



A: पंचकुला, हरियाणा
B: अमृतसर, पंजाब
C: शिमला, हिमाचल प्रदेश
D: लद्दाख, कश्मीर

18. निम्नलिखित में से कौन सी वस्तु औद्योगिक क्रांति के दौरान उद्योग के काम के लिए अधिक माँग में थी?
A: बॉक्साइट / एल्युमीनियम का अयस्क
B: कोयला
C: सोना
D: कोबाल्ट

19. कोई भी प्राकृतिक संसाधन (जैसे कि लकड़ी तथा सौर ऊर्जा) जिसकी प्राकृतिक रूप से फिर से पूर्ति हो सकती है उसे नवीकरणीय संसाधन कहते हैं। जिस संसाधन की प्राकृतिक रूप से पूर्ति नहीं हो सकती उसे गैर-नवीकरणीय संसाधन कहते हैं। निम्नलिखित में से कौन से संसाधन को ध्यान से उपयोग करें तो वह एक नवीकरणीय प्राकृतिक संसाधन है?
A: पानी
B: लौह अयस्क
C: पेट्रोलियम
D: बहुमूल्य रत्न

20. बारडोली सत्याग्रह के बारे में निम्नलिखित कथन में से कौन से कथन सत्य हैं?

1. इसे प्रान्तीय सरकार द्वारा की गई भू-राजस्व की वृद्धि का विरोध करने के लिए शुरू किया गया था।
2. वल्लबभाई पटेल के नेतृत्व में किसानों ने बढ़ी हुई दरों पर भू-राजस्व काभुगतान करने से इनकार कर दिया।
3. मवेशियों और भूमि पर आधारित आंदोलन को ब्रिटिश सरकार दबाने में सफल रही।
4. ब्रिटिश सरकार ने बढ़ी हुई दरों पर भू-राजस्व बटोरना जारी रखा।
A: केवल 1 और 3
B: केवल 2 और 4
C: केवल 1 और 2
D: ऊपर के सभी

21. नीचे दिया गया समाचार पत्र दक्षिण अफ़्रीका में होने वाले रंगभेद की समाप्ति की तरफ इशारा कर रहा है।


निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प इस रंगभेद की समाप्ति का उचित वर्णन कर सकता है ?
A: नेल्सन मंडेला के नेतृत्व वाले राजनैतिक दल ने लोकतांत्रिक चुनाव जीता।
B: नेल्सन मंडेला 27 वर्ष जेल में बिता कर रिहा हुए।
C: यूनाइटेड किंगडम ने नेल्सन मंडेला के पक्ष में दक्षिण अफ़्रीका में हस्तक्षेप किया।
D: अश्वेतों और गोरों के बीच हिंसक मुठभेड़ हुई, जिनमें अश्वेतों की जीत हुई।

22. ज्वार, बाजरा और दालें ________________ जैसे शुष्क क्षेत्रों में उगाए जाते हैं।
A: बिहार
B: हरियाणा
C: केरल
D: राजस्थान

23. 1900-1940 के समय के क्रांतिकारी कार्यकर्ताओं के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन से कथन सत्य <u>नहीं</u> हैं?

1. उन्होंने भारत तथा विदेशों में गुप्त समितियों का आयोजन किया।
2. उन्होंने विभिन्न प्रकार के समाचार पत्र, पत्रिकाओं, पर्चे आदि प्रकाशित किए।
3. उन्होंने दमनात्मक ब्रिटिश अधिकारियों की की हत्याएँ कीं।
4. उन्होंने सामूहिक जन सभाएँ कीं।

A: केवल 1 और 2
B: केवल 2 और 3
C: केवल 4
D: केवल 1

24. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए ज़िम्मेदार प्रमुख संस्थाओं में से एक है। दुनिया के सबसे बड़े देशों में से एक होने के बावजूद, निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा देश यूएनएससी का स्थायी सदस्य नहीं है?
A: चीन
B: संयुक्त राज्य अमेरिका
C: रूस
D: भारत

25. नीचे दी गई तालिका के आधार पर बताइए कि किस देश में जीवन प्रत्याशा सबसे अधिक है?

**जनसंख्या का आयु वितरण**

| देश | 15 वर्ष से कम | 15-64 वर्ष | 65 वर्ष से अधिक |
|---|---|---|---|
| चीन | 22.5% | 76.4% | 8.9% |
| जापान | 14.5% | 64.2% | 21.9% |
| भारत | 33.6% | 75% | 6.1% |
| रूस | 14.9% | 69.8% | 12.7% |

A: चीन
B: जापान
C: भारत
D: रूस


26. ब्लादीमिर लेनिन ने अप्रैल थीसिस में कौन-सी माँग नहीं की थी ?
A: बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाए।
B: युद्ध समाप्त किया जाए।
C: सभी जमीनें किसानों के हवाले कर दी जाएं।
D: जार सत्ता की पुनः बहाली की जाए।

27. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा विकल्प समयावधियों को पुराने से नये क्रम में सही तरीके से दर्शाता है?
A: 1000 ई.पू., 1500 ई.पू., 1000 ईसवी, 1500 ईसवी
B: 1000 ईसवी, 1500 ईसवी, 1500 ई.पू., 1000 ई.पू.
C: 1500 ई.पू., 1000 ई.पू., 1000 ईसवी,1500 ईसवी
D: 1500 ईसवी, 1000 ईसवी, 1000 ई.पू.1500 ई.पू.

28. निम्नलिखित में से कानपुर शहर का कौन सा उद्योग गंगा नदी के प्रदूषण का मुख्य स्रोत है?
A: चमड़े का कारखाना
B: तेल शोधशाला
C: ऊष्मीय शक्ति संयंत्र से उड़ने वाली राख
D: सीमेंट और रेत जैसे निर्माण अपशिष्ट

29. 20 वीं शताब्दी के दूसरे भाग में संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ की विपरीत विचारधाराओं के आधार पर विश्व दो हिस्सों में बँट गया था। सोवियत संघ के द्वारा प्रचारित विचारधारा कौन सी थी?
A: पूँजीवाद
B: साम्यवाद
C: साम्राज्यवाद
D: जातिवाद

30. यह चित्र 16 वीं शताब्दी में प्रकाशित एक पुस्तक से लिया गया है। चित्र को ध्यान से देखें।



इस चित्र का विषय क्या है?

A: खनन
B: खेती
C: जहाज का निर्माण
D: कपड़ा उत्पादन

31. अगर कोई देश किसी आक्रामक देश के हमले के खतरे में है तो उसे सैन्य कार्यवाही के लिए किस अंतर्राष्ट्रीय संस्था से अनुमति लेनी होगी?

A: विश्व रेड-क्रॉस
B: अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय
C: संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद
D: संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद

32. नीचे दिखाई गई तस्वीर कच्छ के रण से है। इसमें दिखाई गई ऊँट गाड़ी का उपयोग निम्नलिखित स्थानीय वस्तुओं में से एक के व्यापार के लिए किया जा रहा है। इसे पहचानें।



A: नमक
B: कोयला
C: ताम्बा
D: गेहूं

33. भारत में कानून की व्याख्या और उसका उपयोग करके विवादों का निपटारा करने का कर्त्तव्य किसका है?

A: विधान सभा
B: कैबिनेट मंत्री
C: संसद
D: न्यायपालिका

34. आइंस्टीन के द्वारा विकसित सिद्धांतों का प्रयोग परमाणु बम को विकसित करने के लिए किया गया। इसके पीछे का मुख्य उद्देश्य क्या हो सकता है?

A: जापान पर बमबारी
B: नाजी सत्ता को बाहर करना
C: बिजली का विकास करना
D: विश्व आतंकवाद को दूर करना

35. जब आप ऊँचे अक्षांश से निचले अक्षांशों की ओर जाते हैं, तो ____________ ।

A: कोई शीतोष्ण क्षेत्र नहीं होते हैं
B: औसत वर्षा कम हो जाती है
C: जलवायु गर्म हो जाती है
D: ज़्यादा पहाड़ होते हैं

36. नीचे दिए गए पत्रक में एक बाघ दर्शाया गया है जो कि भारत का प्रतिरूप है। यह बाघ जर्मन और जापानी ध्वजों को दबा रहा है। भारत के मित्रपक्ष में यूके, चीन, यूएसए और रूस के ध्वज बाघ के पीछे देखे जा सकते हैं।



इसके पीछे का सन्देश कहता है: "भारत कार्रवाई करेगा और ब्रिटेन, अमेरिका, रूस और चीन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जर्मनी और जापान के निरंकुश शासन को कुचल देगा।"

यह पत्रक ____________________ के बारे में बात कर रहा है।

A: ब्रिटिश शासन की समाप्ति
B: दूसरे विश्व युद्ध
C: पुर्तगाली शासन की समाप्ति
D: भारत और चीन के बीच सीमा युद्ध

37. नीचे दी गई कार्य की सूची संयुक्त राष्ट्र की एक संस्था का उत्तरदायित्व है।

- विश्व में बुनियादी शिक्षा के लिए मूलभूत सुविधाएँ प्रदान करना
- विश्व में बाल जीवन रक्षा दर में वृद्धि लाना
- लड़कियों के लिए शिक्षा के माध्यम से लैंगिक समानता लाना
- बच्चों को किसी भी प्रकार की हिंसा और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्रदान करना
- बच्चों के अधिकारों की रक्षा तथा वकालत करना
- विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाव के लिए शिशुओं का टीकाकरण करना
- बच्चों के लिए पर्याप्त पोषण और सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था करना

इस संस्था को पहचानें।

A: आईएलओ
B: आईएमएफ
C: यूनिसेफ
D: विश्व व्यापार संगठन

38. इस पोस्टर का **मुख्य** विषय क्या है?




A: भारतीय तकनीकी का बदलता चेहरा
B: भारतीय महिलाओं द्वारा परंपरा और आधुनिकता का संतुलन
C: भारतीय शास्त्रीय नृत्य की आधुनिक व्याख्या
D: अन्य देशों की तुलना में भारत में महिलाओं के लिए अधिक वेतन

39. दिए गए चित्र की सहायता से इस वृक्ष को पहचानें जो कि कश्मीर की घाटियों में पाया जाता है।



A: खेजड़ी
B: चीड़
C: बरगद
D: नीम

40. काल के अनुसार, सबसे पहले से लेकर आखरी तक, इन घटनाओं को सही क्रम में रखें।
1. पूर्ण स्वराज की माँग की घोषणा
2. दांडी यात्रा
3. साइमन कमिशन की नियुक्ति
A: 1, 2 और 3
B: 3, 1 और 2
C: 3, 2 और 1
D: 2, 1 और 3

41. यहाँ दिखाया गया तख़्त एक देश में पाया जाता है, जहाँ से मकर रेखा गुजरती है। यह कौन सा देश है





A: मिस्र
B: ऑस्ट्रेलिया
C: चीन
D: स्पेन

42. आधुनिक युग के आने पर निम्नलिखित में से अधिकतम किस वर्ग के लोग 'मध्यम वर्ग' के बन गए?
A: किसान B: व्यापारी C: कलाकार D: पुजारी


43. औद्योगिक क्रांति का भारत में किस प्रकार का नकारात्मक प्रभाव रहा?
A: कुटीर उद्योग का पतन B: भारत की धार्मिक परंपरा का पतन
C: भारत की मुद्रा प्रणाली का अवमूल्यन D:श्रमिक संख्या में औरतों का प्रवेश

44. नीचे दिखाए गए विज्ञापन पत्र को ध्यान से देखें और सूचना को पहचानें।




A: सूर्य तेल संसाधनों का मुख्य स्रोत है।
B: 2100 तक तेल संसाधन समाप्त हो सकते हैं।
C: तेल संसाधनों की कमी के लिए सूर्य जिम्मेदार है।
D: विश्व में तेल की खपत बहुत कम हो रही है।

45. नीचे दिया गया विज्ञापन पत्र संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' पर आधारित है।




यह निम्नलिखित में से किस कथन का समर्थन करता है ?
A: सभी मनुष्य अपनी स्वतंत्रता, मर्यादा तथा अधिकारों के साथ पैदा होते हैं।
B: सभी को सामाजिक मुद्दों के लिए दान पुण्य करना चाहिए।
C: सभी देशों को लोकतंत्र का पालन करना चाहिए।
D: सभी देश अपनी मर्ज़ी से कभी भी दूसरे देशों के विरुद्ध जंग छेड़ सकते हैं।

46. नीचे दिखाया गया संयुक्त राज्य अमेरिका का एक मुद्रा नोट है। केंद्र में दिखाए गए व्यक्ति की छवि एक ___________ का प्रतिनिधित्व है।




A: अफ्रीकी अमरीकी
B: अमरीकी मूल प्रजाति के एक सदस्य
C: स्पेन में जन्मे व्यक्ति
D: एशिया से आप्रवासी

47. विश्व में अधिकतम सोने के अयस्क का उत्पादन करने वाला देश _________ है।
A: भारत
B: चीन
C: दक्षिण अफ्रीका
D: संयुक्त अरब अमीरात

48. भारत के टाटा स्टील की वैश्विक उपस्थिति को नीचे दिए गए मानचित्र में दर्शाया गया है। मानचित्र के आधार पर टाटा स्टील के बारे में कौन-सा कथन **सही** है?




A: टाटा स्टील ने पूरे एशिया और अफ्रीका में स्टील प्लांट स्थापित किए हैं।
B: टाटा स्टील ने हाल ही में अमेरिका में स्टील प्लांट का अधिग्रहण किया।
C: एशिया, अफ्रीका, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में टाटा स्टील के ग्राहक हैं।
D: टाटा स्टील के लिए बांग्लादेश, कच्चे माल के संग्रहण का मुख्य केंद्र है।


49. यहाँ सिंधु नदी का एक चित्र दिखाया गया है। यह चित्र ____________ में लिया गया था।



A: लद्दाख क्षेत्र B: पूर्वी घाट C: अंडमान द्वीप D: दक्कन के पठार

50. भारत सरकार और संविधान के बारे में इनमें से कौन-सा कथन सही है?
A: संविधान यह बताता है कि सरकार के पास कौन-से अधिकार हो सकते हैं और कौन-से नहीं।
B: संविधान ब्रिटिश संसद द्वारा बनाया गया था और 1947 से इसका प्रयोग किया जा रहा है।
C: केवल पुलिस बल के सदस्य ही भारत के संविधान में सीधे रूप से बदलाव कर सकते हैं।
D: संविधान केवल भारत की आम जनता पर लागू होता है और सरकारी अधिकारियों पर लागू नहीं होता।

51. प्रति इकाई क्षेत्र में रहने वाले लोगों की गिनती को जनसंख्या घनत्व कहते हैं। इसे आमतौर पर प्रति वर्ग मील (या वर्ग किलोमीटर) में लोगों की संख्या के रूप में दर्शाया जाता है। नीचे दिया गया ग्राफ विश्व के दस सबसे घनी आबादी वाले देशों को दर्शाता है। दिए गए ग्राफ को ध्यान से पढ़ें तथा प्रश्न का उत्तर दें।




इनमें से अधिकतर देश कहाँ स्थित हैं?
A: एशिया
B: अफ्रीका
C: यूरोप
D: उत्तर अमेरिका

52. पेट्रोलियम से मिलने वाला एक महत्त्वपूर्ण उप-उत्पाद इनमें से कौन-सा है?
A: लोहा
B: ग्रेफाइट
C: प्लास्टिक
D: स्टेनलेस स्टील

53. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा व्यावसायिक उद्योग सेवा क्षेत्र से सम्बंधित है?
A: वस्त्र उद्योग
B: तकनीकी (इलेक्ट्रॉनिक)
C: बीमा
D: फ्रिज उत्पादन

54. बाल गंगाधर तिलक आमूल परिवर्तनवादी विचारक थे। अपनी विचारधारा 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' को फैलाने के लिए उन्होंने किस पत्रिका का उपयोग किया?
A: बंग दर्शन
B: गुजरात समाचार
C: केसरी
D: पंजाब केसरी

55. भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत गांधी जी ने एक दल के ध्वज के तले की थी जो कि आज भारत का एक प्रमुख राजनैतिक दल है। इस दल का नाम क्या है?
A: भारतीय जनता पार्टी
B: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
C: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
D: जनता दल

56. नीचे दिए गए नक़्शे को ध्यान से देखें तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।


गोवा की सीमा भारत के दो और राज्यों को छूती है। उनमें से एक तो गोवा के उत्तरी सीमा को छूता है व दूसरा पूर्वी तथा दक्षिणी सीमा को।कोतीगाओ वन्य जीवन अभयारण्य बताए गए किसी राज्य की सीमा को छूता है। इस राज्य का नाम क्या है?
A: गुजरात
B: महाराष्ट्र
C: कर्नाटक
D: आंध्र प्रदेश

57. 2011 में पिछले वर्ष की तुलना में इस खनिज का उत्पादन लगभग आधा हो गया।

**मध्य प्रदेश में खनिजों का उत्पादन (मीट्रिक टन में)**

| खनिज | 2009 | 2010 | 2011 |
|---|---|---|---|
| कोयला | 71,325 | 74,074 | 71,104 |
| बॉक्साइट | 875 | 1,026 | 569 |
| ताँबा अयस्क | 2,073 | 1,933 | 2,233 |
| लोह अयस्क | 412 | 649 | 1,267 |
| मैंगनीज अयस्क | 720 | 611 | 707 |
| रॉक फॉस्फेट | 250 | 181 | 131 |
| डोलोमाइट | 199 | 198 | 208 |
| हीरे (कैरेट में) | 536 | 16,810 | 19,561 |
| चूना पत्थर | 30,565 | 28,543 | 31,156 |

इस खनिज को पहचानें।
A: बॉक्साइट
B: डोलोमाइट
C: लौह अयस्क
D: मैंगनीज अयस्क

58. चित्र में दिखाई गई घटना 20 मई 1498 को कालीकट में **घटी थी**। यह निम्नलिखित ऐतिहासिक शख्सियतों में से एक को चित्रित करता है।



उन्हें पहचानें।
A: लॉर्ड डलहौजी
B: वास्को डी गामा
C: क्रिस्टोफर कोलंबस
D: मार्को पोलो

59. निम्नलिखित में से किस कार्यक्रम का उद्देश्य सतत विकास में मदद करते हुए सूखा, वन कटाई एवं मिट्टी के कटाव जैसी समस्याओं से बचा जाना है-
A: महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अभियान 2005
B: प्रधानमंत्री रोजगार योजना
C: स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
D: प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना

60. निर्धनों का अच्छे वातावरण एवं संपन्न लोगों के साथ ना रहकर निकृष्ट वातावरण में दूसरे निर्धनों के साथ रहना कह लाता है-
A: असुरक्षा
B: सामाजिक अपवर्जन
C: आर्थिक अपवर्जन
D: पलायन

61. गरीबी रेखा निर्धारण में ग्रामीण क्षेत्र में 2400 कैलोरी प्रति व्यक्ति एवं शहरी क्षेत्र में 2100 कैलोरी प्रति व्यक्ति निर्धारित क्यों है-
A: भोजन में कम वस्तुएं उपलब्ध हो पाना
B: अधिक शारीरिक श्रम होना
C: निम्न स्तरीय रहन सहन होना
D: मौसमी बेरोजगारी होना

62. मध्यान्ह भोजन योजना प्रारंभ करने का उद्देश्य है
A: कक्षा में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना
B: बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना
C: बीच में पढ़ाई छोड़ देने वाले बच्चों की संख्या में कमी करना
D: उपरोक्त सभी

63. जब किसी खेत में काम करने वाले सदस्यों की संख्या आवश्यकता से अधिक हो तो इस स्थिति को कहते हैं
A: मौसमी बेरोजगारी
B: प्रच्छन्न बेरोजगारी
C: स्वैच्छिक बेरोजगारी
D: संरचनात्मक बेरोजगारी

64. निर्धन परिवारों को स्व सहायता समूह में संगठित कर बैंक ऋण एवं सरकारी सहायिकी के संयोजन द्वारा निर्धनता रेखा से ऊपर लाने के लिए कौन सी योजना प्रारंभ की गई
A: प्रधानमंत्री रोजगार योजना
B: ग्रामीण रोजगार सृजन
C: स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
D: प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना

65. भारत विश्व का दूसरा सबसे अधिक मानव संसाधन वाला देश है - अत: इस मानव संसाधन को मानव पूँजी में कैसे परिवर्तित किया जा सकता है
A: लोगों को अधिक धन देकर
B: लोगों को महंगी वस्तुए देकर
C: शिक्षा प्रशिक्षण एवं चिकित्सा में सुधार करके
D: उपरोक्त सभी

66. भारत में मौसम परिवर्तन के कारण सूखा अतिवर्षा की स्थिति प्रतिवर्ष बनी रहती है । अतः ऐसी परिस्थिति में 'भारतीय खाद्य निगम" FCI के माध्यम से बफर स्टॉक तैयार किया जाता है । यह है –
A: बर्फ को एकत्रित करके रखना
B: अनाज गेहूं एवं चावल के भंडार
C: रिजर्व बैंक में अधिक धन रखना
D: दवाईयों के भण्डार रखना

67. खुले बाजार को खाद्यान्न के असीमित मात्रा तक भंडारण और विक्रय के लिए खोल दिए जाने से किन्हें लाभ होगा-
A: कृषको को लाभ होगा
B: उपभोक्ताओं को लाभ होगा
C: खाद्य असुरक्षित लोग अथवा निर्धनों को लाभ होगा
D: उपरोक्त में से कोई नहीं

68. नमूना सर्वेक्षण करके गरीबी रेखा का अनुमान समय-समय पर आमतौर पर 5 साल में लगाया जाता है निम्नलिखित में से कौन सा संगठन इस तरह के नमूना सर्वेक्षण का संचालन करता है ?
A: नीति आयोग
B: राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (NAS)
C: राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (NSSO)
D: योजना आयोग

69. जनसंख्या को शिक्षित , प्रशिक्षित करना एवं उत्तम स्वास्थ्य उपलब्ध कराना कहलाता है
A: भौतिक पूंजी निर्माण
B: मानव पूंजी निर्माण
C: स्कूल एवं अस्पतालों का निर्माण
D: जीवन प्रत्याशा में वृद्धि

70. सरकार द्वारा किसानों द्वारा उत्पादित विभिन्न फसलों की पहले से घोषित कीमत कहलाती है
A: न्यूनतम लागत कीमत
B: न्यूनतम समर्थित कीमत
C: निर्गम कीमत
D: सार्वजनिक कीमत

NAS-2021

Social Science

Practice Test Paper-2

Answer key

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1-C | 15-A | 29-B | 43-A | 57-A |
| 2-B | 16-A | 30-A | 44-B | 58-B |
| 3-A | 17-D | 31-D | 45-A | 59-A |
| 4-D | 18-B | 32-A | 46-B | 60-B |
| 5-B | 19-A | 33-D | 47-B | 61-B |
| 6-A | 20-C | 34-B | 48-C | 62-D |
| 7-A | 21-A | 35-C | 49-A | 63-B |
| 8-C | 22-D | 36-B | 50-A | 64-C |
| 9-C | 23-C | 37-C | 51-A | 65-C |
| 10-B | 24-D | 38-B | 52-C | 66-B |
| 11-C | 25-B | 39-B | 53-C | 67-D |
| 12-A | 26-D | 40-B | 54-C | 68-C |
| 13-A | 27-C | 41-B | 55-B | 69- B |
| 14-C | 28-A | 42-B | 56-C | 70-B |